BANARAS BEADS LIMITED
AN EXPORT HOUSE RECOGNISED BY GOVERNMENT OF INDIA
CIN No. L01131UP1980PLC004984
Manufacturers & Exporters of All kind of Beads, Fashion Jewelry and Accessories.
AN ISO CERTIFIED COMPANY
Regd. & Head Office : A-1, Industrial Estate, Varanasi - 221106 (INDIA)
Phones : +91-542-2370161-4 (4 Lines)
Fax : +91-542-2370165, 2370214
E-mail : rksingh@banarasbead.com
investor@bblinvestor.com
Website : www.banarasbead.com

REF.: BBL/SECT/ August 28, 2020

To,

The BSE Limited
Department of Corporate Services,
Phiroze Jeejeebhoy Towers
Dalal Street, Mumbai – 400001

The National Stock Exchange Of (I) Ltd.,
Exchange Plaza, 5th Floor,
Plot No.C/1, G-Block,
Bandra-Kurla Complex, Bandra (E)
Mumbai - 400 051

Sub.: Intimation under Regulation 30 of SEBI (LODR), 2015 in the matter of recognition certificate given by Hon'ble Prime Minister of India in respect of help poor and needy persons during Covid-19.

Dear Sir,

Please find attached herewith recognition certificate **given by Hon'ble Prime Minister of India** to Company (Banaras Beads Limited) to provide food and food packets to poor and needy person during Covid-19.

This is for your information and records.

The same is also available at company's website at www.bblinvestor.com

Thanking you,
Yours faithfully,
For **BANARAS BEADS LIMITED**

(R.K. SINGH)
COMPANY SECRETARY
Encl. : As Above.

सत्यमेव जयते

NARENDRA MODI
Member of Parliament,
Lok Sabha
Varanasi (Uttar Pradesh)

नई दिल्ली
श्रावण 28, शक संवत् 1942
19 अगस्त, 2020

श्री अशोक कुमार गुप्ता जी,

कोरोना वैश्विक महामारी के खिलाफ लड़ाई में काशी के प्रयासों को मजबूती देने के लिए *बनारस बीड्स लि.* द्वारा किए गए कार्यों को जानकर खुशी हुई। आपने न केवल समाज के प्रति अपने दायित्वों को निभाया है, बल्कि स्वेच्छा से आगे बढ़कर, जनसेवा को जो आयाम दिया है उसने काशी की नि:स्वार्थ सेवाभाव की परंपरा को नया रूप दिया है।

'परहित सरिस धर्म नहिं भाई' की धरोहर वाली हमारी संस्कृति में सेवा और समर्पण का स्थान सदैव उच्च रहा है। परहित के लिये काम आने वाले जीवन को सार्थक मानते हुए कहा गया है -**'परोपकार: पुण्याय'**, यानि परोपकार एक बड़ा पुण्य है। इसी आदर्श को चरितार्थ करते हुये बाबा विश्वनाथ की कृपा से माता अन्नपूर्णेश्वरी काशी में सबका पालन करती हैं। यह देखकर सुखद अनुभूति हुई है कि काशी में विभिन्न संस्थाएं व लोग भी इसी भाव के साथ गरीब व वंचित लोगों की हरसंभव सहायता में जुटे हुए हैं।

काशी की पावन धरा सदैव से परहित और सर्वहित में स्वहित का संतोष महसूस करने की भावना से ओतप्रोत रही है, और इस विरासत को काशीवासी निरंतर आगे ले जा रहे हैं। इस आपदा के समय घर-घर से भोजन एकत्र करके जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाना हो, सूखे राशन की किट उपलब्ध कराना हो, फेस कवर और सेनेटाईजर का वितरण हो या पशु-पक्षियों की पीड़ा को समझकर उनके लिए आहार की व्यवस्था करना हो, ऐसे अनेक कार्यों को जिस कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण से किया जा रहा है वह अतुलनीय है।

इस महामारी से लड़ने के साथ-साथ हमें राष्ट्र की प्रगति के लिए अपने प्रयासों को अधिक तेज़ करना है। आज समय की मांग और समस्त देशवासियों का संयुक्त संकल्प है-आत्मनिर्भर भारत का निर्माण। हमें लोकल को आगे बढ़ाना है। लोकल न सिर्फ जरूरत बल्कि जिम्मेदारी भी है। इस संकल्प को सिद्ध करने में वाराणसी की भूमिका काफी अहम् सिद्ध होगी, जिसमें निर्यात का हब बनने की पूरी क्षमता है।

मुझे विश्वास है कि आपकी संस्था देश और समाज की बेहतरी के लिए इसी प्रकार कार्य करती रहेगी।

संस्था से जुड़े सभी लोगों को भावी प्रयासों के लिए हार्दिक शुभकामनाएं।

आपका,

(नरेन्द्र मोदी)

श्री अशोक कुमार गुप्ता
बनारस बीड्स लि.
ए- 1 इंडस्ट्रियल स्टेट चाँदपुर
वाराणसी, उत्तर प्रदेश- 221106

7, LOK KALYAN MARG, NEW DELHI-110011